लखनऊ। मंगलवार • 20 मार्च • 2018
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

योगी सरकार के एक साल पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

(1) प्रदेश में योगी सरकार का एक साल पूरा होने पर आयोजित जश्न में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों के साथ राज्यपाल राम नाईक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

(2) इस मौके पर एंटी करप्शन वेबसाइट लांच किया गया। (3) इसके पूर्व कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ करते राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित,
मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रीद्वय केशव प्रसाद मौर्य व डा. दिनेश शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ पाण्
मंत्रियों व नौकरशाहों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।
(5) सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

आल्हा गायन व नृत्य पर गदगद हुए सीएम

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

लोकभवन में सोमवार को आल्हा व नृत्य गायन के रंगारंग कार्यक्रम में कलाकारों ने गजब का समां बांधा तो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गदगद हो गये। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति में जान डाल दी। कलाकारों के नृत्य देख मंत्री व विधायक झूम उठे। इस रंगारंग कार्यक्रम का आगाज प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर किया गया था।

विधानसभा मार्ग स्थित लोकभवन के मुख्य सांस्कृतिक मंच पर आल्हा की ओजपूर्ण प्रस्तुति लेकर रायबरेली के रामरथ पाण्डेय व जौनपुर के फौजदार सिंह अपनी-अपनी टीम लेकर उतरे। उन्होंने महाराणा प्रताप के समय किस तरह से सेनाएं

कलाकारों के हुनर पर सभी हुए मंत्रमुग्ध

युद्ध करती थीं ओजपूर्ण कहानियों को मंच पर पेश किया। डायलॉग व आल्हा पेश करने की शैली ऐसी रही कि लोग मंत्रमुग्ध हो गये। इसके बाद फैज़ाबाद के मुकेश कुमार की टीम के 14 सदस्यों ने मंच पर फरूवाही नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। लोकगायन व लोक नृत्य की विधा से भरी इस प्रस्तुति में माटी की सोंधी महक दिखी। इसके बाद झांसी के निशान्त सिंह महेशिया ने अपने 16 कलाकारों के साथ प्रस्तुति दी। मंच पर मयूर नृत्य की गजब की प्रस्तुति थी।

नृत्यांगनाओं ने मोर के पंखों की लड़ियों को उसकी वेशभूषा के साथ आत्मसात किया। इसके बाद कथक की मनभावन प्रस्तुतियां लेकर शारदा मिश्रा व कलाकार मंच पर अवतरित हुए। कलाकारों ने कथक की बारीकियां दिखाकर अवध की नगरी के रग-रग में बसे कथक नृत्य से लोगों को रूबरू कराया।